मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-230
05/06/2022

मुख्यमंत्री ने श्री दादी जी सेवा समिति के नवनिर्मित 'अमर–प्रेम' भवन का किया लोकार्पण

पटना, 05 जून 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के शक्तिधाम, अग्रसेन मार्ग (बैंक रोड) स्थित श्री दादी जी सेवा समिति के नवनिर्मित 'अमर–प्रेम' भवन का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पी0के0 अग्रवाल, अग्रवाल चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव श्री अमर अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******